प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर /

राज / संजय / 11:00बजे

पाक मिसाइलें–जम्मू

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों से देश के उत्तरी और पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने जोर देकर कहा है कि वह देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के स्थानों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। हालाँकि, भारतीय सशस्त्र बलों ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया, और किसी भी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के विरूद्ध भ्रामक दुष्प्रचार का अभियान शुरू किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

पूल

हिमाचल सुरक्षा

इस बीच भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जम्मू और पंजाब सीमा से लगते संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में पर्यटन व धार्मिक स्थलों, पन बिजली परियोजनाओं और सीमावर्ती क्षेत्रों को अर्लट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज शिमला में दोपहर को एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल होंगे। इससे पहले कल देर रात ऊना व बिलासपुर जिलो सहित कांगड़ा जिला के नुरपूर व ज्वाली में उपायुक्तों ने ब्लैक आउट को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को पूर्ण ब्लैक आउट यानी घरों की लाइटें पूरी तरह बंद रखने और घरों में ही सुरक्षित रहने को कहा गया है। उना जिला प्रशासन ने आज जिले के सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। इस बीच शिमला जिला के जुब्बड़हटटी, कांगड़ा जिला के गग्गल और कुल्लू जिला के भुंतर हवाई अडडों को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

पीटीसी/योगराज/डैस्क/

आईपीएल मैच–स्थल बदलाव

इंडियन प्रीमियर लीग 20–20 में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच रविवार को धर्मशाला में निर्धारित मैच अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बी सी सी आई सचिव देवजीत सैकिया के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आयोजन संबंधी दिक्कतों के कारण मैच का स्थान बदला गया है।

इससे पहले कल शाम धर्मशाला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच एहतियात के तौर पर रद्द कर दिया गया। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने इसकी घोषणा की। स्टेडियम की फ्लडलाइट बंद किए जाने तक पंजाब किंग्स ने 10 ओवर और एक गेंद में 1 विकेट पर 122 रन बनाए थे।

दिल्ली हवाई अड्डा परामर्श

दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान परिचालन सामान्य रहेगा। लेकिन बदलती हवाई क्षेत्र स्थितियों और कड़े सुरक्षा उपायों के कारण कुछ उडानों का समय बदला जा सकता है। आज जारी परामर्श में दिल्ली विमानपत्तन प्राधिकरण ने विमानों के सुगम संचालन के लिए यात्रियों को सुरक्षा तथा एयरलाइन कर्मियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। लोगों से भ्रामक या अप्रमाणित सूचना से बचने तथा सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का भी आग्रह किया गया है।

पुरस्कार

हिमाचल प्रदेश को अधोसंरचना विकास और सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। लोक निर्माण विभाग के सचिव व अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिषेक जैन ने कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सम्मान में प्राप्त हुई दो ट्रॉफियां भेंट की। हाल ही में मौरक्को के माराकेच में प्रतिष्ठित–2024 आई आर ए पी गैरी लिडल मैमोरियल ट्रॉफी में हिमाचल को शाइनिंग स्टार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे शिमला शहर के लोगों को सामने आने वाली समस्याओं के समाधान में इसी प्रतिबद्धता के साथ काम जारी रखेंगे।

प्रेनो

बैठक

कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल में विकास कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन को लेकर उपायुक्त तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यों में पेश आ रही समस्याओं और कार्यों के लंबित होने के कारणों पर अधिकारियों से फीड बैक ली।

जागरूकता कार्यक्रम

केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में पोक्सो एक्ट को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुड़िया हैल्पलाइन और प्रत्येक पुलिस थाने में मौजूद चाइल्ड वेलफेयर पुलिस अधिकारी के बारे में जानकारी भी दी गई।